हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, सोमवार, 15 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 15 .6 डिग्री
न्यूनतम 3 .4 डिग्री

11 नशा मुक्त समाज के निर्माण में सबका सहयोग आवश्यक : डॉ. राजेश



12 समृद्धि के लिए गोसेवा से बढ़कर कोई दूसरा परम साधन नहीं : डिप्टी स्पीकर



## 3.4 दर्ज किया गया जिले का न्यूनतम तापमान
# जिलेभर में ठंड व धुंध का प्रकोप जारी, कोहरे ने रोकी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

पिछले कई दिनों से पड़ रहे कोहरे व ठंड ने पूरे जन-जीवन को अस्त-व्यस्त करके रख दिया है। कोहरे ने जहां रफ्तार रोकी हुई है वहीं उत्तर-पश्चिमी हवाओं की वजह से लोगों की कंपकंपी छूट रही है। हालत यह हो गए हैं कि दिन में तीन चार घंटे के लिए निकलने वाले सूर्यदेव भी इस कंपकंपी से निजात नहीं दिला पा रहे हैं।

■ फसलों के लिए फायदेमंद माना जा रहा वर्तमान मौसम

पिछले लगभग 15 दिनों से जिले में ठंड व गहरी धुंध का प्रकोप लगातार जारी है। हालांकि पिछले तीन दिनों से सुबह लगभग 11 बजे सूर्यदेव दर्शन दे रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद ठंड से राहत नहीं मिल रही है। रविवार को जिले के बालसमंद का न्यूनतम तापमान 3.4 डिग्री दर्ज किया गया।

### अलाव तापते रहे लोग

हालांकि दोपहर में सूर्य देवता ने दर्शन दिए और कोहरे से कुछ राहत मिली, लेकिन ठंड से राहत नहीं मिल पाई। सूरज निकलने के बावजूद लोग या तो घरों में दुबके रहे या फिर कंबल ओढ़े या अलाव जलाकर सर्दी से बचते नजर आए। कुछ देर धूप निकलने के बावजूद ठंडी हवा चुभती रही।



मौसम विशेषज्ञों के अनुसार रात का तापमान घटने व दिन का तापमान कुछ बढ़ने के साथ-साथ दोनों के बीच का अंतर काफी अधिक है। इसी वजह से ठंड ज्यादा पड़ रही है। रविवार को लगभग 11 बजे तक घना कोहरा छाया रहा, जिसके चलते लोग घरों में दुबके रहे।

### धुंध में रेंगते नजर आए वाहन

गहरी धुंध की वजह से सड़कों पर वाहन धीमी गति से रेंगते नजर आए। कोहरे से वाहनों की रफ्तार को कम किए रखा। इधर-उधर आने जाने वाले लोग वाहनों की फॉग लाइटें जलाकर चलते देखे गए।

### शीत लहरों की वजह से बढ़ी ठंड

यहां के हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ.एमएल खिचड़ ने बताया कि हल्की गति से उत्तर पश्चिमी शीत हवाएं चलने की वजह से राज्य में दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी व रात्रि तापमान में हल्की गिरावट हो रही है। इस दौरान ज्यादातर क्षेत्रों में सुबह के समय धुंध छा रही है।

### मौसम से फसलों को फायदा

मौसम एवं कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि सुबह धुंध छाना, ओस गिरना व कुछ देर के लिए धूप निकलना फसलों के लिए लाभदायक है। यदि धूप न निकले और लगातार धुंध पड़े तो यह नुकसानदायक हो सकती है। ऐसे में वर्तमान मौसम फसलों के लिए रामबाण साबित हो रहा है।



हिसार। चित्रकारी करते हमारा प्यार हिसार के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## हमारा प्यार हिसार के सदस्यों ने दीवार पर बनाए पक्षियों के चित्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

कोहरे की चादर ओढ़े सर्दभरी एक और रविवार की सुबह। धुंध इतनी कि हाथ को हाथ दिखाई न दें, लेकिन इन सब बातों से बेपरवाह हमारा प्यार हिसार के मतवालों की टीम सुबह पहुंची लजीज होटल के नजदीक बिजली निगम की दिवार पर चित्रकारी करने। छोटे बच्चों, युवाओं एवं वरिष्ठ सदस्यों ने मिलकर दीवार पर पक्षियों की थीम को लेकर उनके रंग-बिरंगे खूबसूरत चित्र बनाए। उन्होंने आसपास के एरिया की साफ-सफाई की लोहड़ी एवं मकर संक्राति के पर्व पर एक दूसरे को बधाई दी। आज के अभियान मे हरीश भाटिया, त्रिलोक बंसल, डॉ. निलेश, डा. आरके ग्रोवर, सत्येंद्र यदुवंशी, मनीश गोयल, जितेंद्र बंसल, विक्रम मितल प्रवीण अग्रवाल, युद्धवीर पानू, साहिल सिंघल, ध्रुव सिंगल, नवाब, सोनू, सोनू वर्मा, पूर्वी, ईशा बिष्ठ, इफसील, तनवी, रिम्चा व रिया आदि मौजूद रहे।



हिसार। चित्रकारी करता छोटा बच्चा।

## खबर संक्षेप

### 410 ग्राम गांजा सहित एक व्यक्ति गिरफ्तार

**हिसार।** नशीले पदार्थों का व्यापार करने वालो पर कार्रवाई करते हुए सदर पुलिस ने गांव अलीपुर से एक व्यक्ति को काबू कर 410 ग्राम गांजा बरामद किया है। एएसआई कृष्ण कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान गांव खरड़ अलीपुर से प्रवीण उर्फ बंटी को काबू करके उसके पास एक पॉलिथिन की थैली से 410 ग्राम गांजा बरामद किया।

### अवैध पिस्तोल व 11 जिंदा कारतूस सहित एक काबू

**हांसी।** सदर थाना पुलिस ने गश्त व जांच पड़ताल के दौरान एक युवक को एक पिस्तोल व 11 जिंदा कारतूस रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान सिसाय बोलान निवासी संदीप उर्फ बुद्धा के रूप में हुई है। संदीप के खिलाफ सदर थाना में शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज करके अदालत में पेश करके रिमांड पर लिया गया है।

### कांग्रेस सदैव सनातन विरोधी रही : ढालिया

**हांसी।** हांसी भाजपा हांसी मंडल अध्यक्ष व पूर्व पार्षद अशोक ढालिया ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास सदैव सनातन विरोधी एवं हिन्दुत्व विरोधी रहा है। उन्होंने कहा कि जब देश के तत्कालीन गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल सरकारी खर्च पर सोमनाथ के मन्दिर का जीर्णोद्धार करवा सकते है तो भारत वर्ष के ऋषि मुनियों, साधु-संतों, धमार्नुरागियों एवं योगी समाज द्वारा निर्मित अयोध्या में भव्य राम मन्दिर बनाया जाना सभी भारतवासियों के लिए गर्व और आस्था की बात है।



### मजदूर हुए एकत्रित, 18 को करेंगे कार्यक्रम

**उकलाना मंडी।** उकलाना ब्लाक के बिठमडा गांव में मजदूरों की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता प्रेम जांगड़ा ने की जबकि संचालन राजेश कुमार ने किया। ब्लाक प्रधान राधेश्याम व वरिष्ठ प्रधान रामकुमार जांगड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि 18 जनवरी को डीसी कार्यालय पर होने वाले प्रदर्शन में ज्यादा से ज्यादा निर्माण के मजदूर हिस्सा लेंगे।

### 30 लोगों के दांतों की जांच कर दिए टिप्स

**हिसार।** स्माइल फॉर यूथ कार्यक्रम जारी रखते हुए डॉ. सचिन मित्तल एडवांसड डेंटिस्ट्री ने पंजाब नेशनल बैंक मुख्य शाखा में डेंटल चेकअप एवं जागरूकता कैंप लगाया। कैंप में टीम से डॉ. तनु ने अपनी सेवाएं दी। इस दौरान करीब 30 लोगों के दांतों की जांच की गई और उन्हें ओरल हेल्थ के बारे में बताया गया। साथ ही टुथब्रश करने का सही तरीका समझाया गया। डॉ. सचिन मित्तल ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम काफी समय से चलते आ रहे हैं।

## समाज के हर व्यक्ति के विकास पर ध्यान दे रही मोदी-मनोहर सरकार : मालवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष ईश्वर मालवाल ने कहा है कि सरकार का मुख्य उद्देश्य आमजन का आर्थिक उत्थान करना है। इस संवाद के माध्यम से लोगों को घर द्वार पर ही सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। चेयरमैन ईश्वर मालवाल गांव बाड़ोपट्टी में आयोजित जन संवाद को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में मौजूदा प्रदेश सरकार ने अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे वास्तविक हकदार तक पहुंचाने का काम किया है। मुख्य अतिथि ने विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कुछ लोगों की समस्याएं प्रदर्शनी स्टालों पर पहुंचकर भी मालवाल ने तुरंत हल करवाई और बरवाला खंड के आखिरी जन संवाद कार्यक्रम होने के नाते सभी महकमों की टीम को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

स्वच्छ भारत के जिला संयोजक शमशेर पंघाल, विकसित भारत संकल्प यात्रा के खंड संयोजक सूबेदार जयसिंह यादव, बीडीपीओ बरवाला यश कुमार, बी ओ पी डी वर्मा, बाडो सरपंच पवन चौहान, बहबलपुर सरपंच रमेश चंद्र, सोनू सरपंच बुगाना, विकास सरपंच सुलखनी, देवीलाल, रजनीश गुरी, किसान नेता ईश्वर सिंह, सुरजीत जांगड़ा, सरवन कुमार, भूपेंद्र सिंह, सोमबीर, सतपाल राजोरिया, डॉ. पृथ्वी सिंह आदि उपस्थित रहे।



हिसार। बाडो पट्टी में आयोजित कार्यक्रम में चेयरमैन ईश्वर मालवाल व अन्य।

## युवक ने पत्नी पर किया चाकू से हमला, घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

शहर की महाबीर कॉलोनी में एक युवक ने सब्जी काटने वाले चाकू से हमला करके अपनी पत्नी को घायल कर दिया। महिला को नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है वहीं आरोपित पति मौके से फरार हो गया। अस्पताल में उपचाराधीन घायल लगभग 25 वर्षीय सविता ने बताया कि उसके पति ने उस पर चाकू से हमला किया है।

इसके बाद वह घर से भाग गया। चाकू से उसके सिर में चोट आई है। सविता ने बताया कि वह मूल रूप से उत्तरप्रदेश के बस्ती जिला की रहने वाली है। तीन साल पहले महावीर कॉलोनी के शंकर से उसकी शादी हुई थी। शादी से एक बच्चा है। उसने बताया कि उसका पति शंकर शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता है। रविवार को पति शंकर बिना किसी कारण उससे झगड़ा करने लगा और चाकू से छाती पर वार करने का प्रयास किया। उसने अपने आप को बचाने का प्रयास किया तो चाकू सिर के दाईं तरफ जा लगा। महिला ने बताया कि शंकर के मां बाप नहीं है। शंकर रंग पेंट का काम करता है। उसका एक भाई है। जो राजगुरु मार्किट में काम करता है।

महिला ने बताया कि शंकर से शादी के बाद महावीर कॉलोनी में तीन साल से रह रही है। शुरू के साल शंकर ने ठीक रखा उसके बाद उसने छोटी छोटी बातों पर मारना शुरू कर दिया। घायल सविता की चचेरी बहन लालवती ने बताया कि जब सविता दो माह की गर्भवती थी तो उस दौरान जबरदस्ती शंकर ने उसे कोई दवाई खिलाकर उसका गर्भपात करवा दिया। उसने बताया कि मारपीट से परेशान होकर सविता का पिता राम आसरे उसे अपने घर ले गया। करीब 10 से 15 दिन बाद ही शंकर उसे वापस महावीर कॉलोनी ले आया। शराब के नशे में वह उसे मारपीट करता। आज घरेलू झगड़े के चलते शंकर ने उसकी बहन पर चाकू से हमला कर दिया।



हिसार। घायल महिला सविता। फोटो : हरिभूमि

## अग्रसेन भवन में नानी बाई रो मायरो कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

महाराजा अग्रसेन भवन में चल रही नानी बाई रो मायरो (नरसी जी का भात) कथा का रविवार को समापन हो गया। अंतिम दिन उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए अंतरराष्ट्रीय भजन व कथा प्रवक्ता साध्वी सुजाता कृष्ण चंद्र देव ने नानी बाई के मायरे के बारे में विस्तार से बताया।

साध्वी सुजाता ने कहा कि संसार की दृष्टि में एक भक्त के पास कुछ भी नहीं होता लेकिन उसके पास भक्ति की अपार संपदा होती है। नरसी जी ने मायरे की पत्रिका भगवान को समर्पित कर दी। उसी समय आकाशवाणी हुई कि नरसी तू चिंता मत कर, तेरा हर काम मेरी जिम्मेदारी है और ठाकुर जी के भरोसे पर नरसी मायरा भरने पहुंच जाते हैं। नानी बाई के ससुराल वाले ना ही तो नरसी का स्वागत करते हैं और ना ही भोजन का प्रबंध करते हैं लेकिन चौथे दिन भोजन में मिली बासी खिचड़ी को भगवान ने छप्पन भोग बना दिया। ऐसे ही अनेक चमत्कार घटित हुए।

मायरे के समय ठाकुर जी ने सेठ का रुप बनाया और अपने साथ राधा, रुक्मिणी, रिद्धि-सिद्धि व समस्त रानियों सहित प्रगट हुए और 56 करोड़ का भात भरा। भात भरने का दृश्य झांकी के साथ दशार्या गया। भजन रो-रो करक तुम्हें पुकारे आज ये नानी बाई रे, आक चुनरी ओढ़ा जा कान्हा रे, मेरा ना कोई भाई रे.. .. गाया तो लोग झूम उठे। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का आनंद लिया। आरती के साथ कथा का समापन किया गया।

महाराजा अग्रसेन भवन ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला ने सहयोगी संस्थाओं के साथ साध्वी सुजाता व स्वामी चंद्र देवका स्वागत किया। कथा में जगदीश जिंदल, बजरंग दास गर्ग, नारायण दास बंसल, संजय गुप्ता, एनके गोयल, दीपक गर्ग, अशोक कुमार सीए, अंजनी कोहलीवाला, अनिल जैन टीनू, सत्यपाल अग्रवाल, वीरभान बंसल, सज्जन मित्तल, संजय सातरोड़िया, राजश बंसल, रमेश आदमपुरिया, दुनीचंद गोयल सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।





अग्रसेन भवन में आयोजित कथा में प्रवचन देते साध्वी सुजाता व भजनों पर झूमते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## रेवड़ी मूंगफली बांटकर मनाई लोहड़ी

■ मोक्ष वृद्धाश्रम में अग्नि प्रज्ज्वलित करके और भजन गाकर बुजुर्गों ने मनाया पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

मोक्ष वृद्धाश्रम में लोहड़ी पर्व पूरे उत्साह व उल्लास के साथ मनाया गया। वृद्धाश्रम के मुख्यद्वार के समक्ष अग्नि प्रज्ज्वलित करके रेवड़ी व मूंगफली वितरित की गई। इस दौरान बुजुर्गों ने भजन गाकर समां बांध दिया। बहुत से बुजुर्ग भजनों पर झूमते हुए भावविभोर हो गए।

कई बुजुर्ग महिलाओं ने हरियाणवी परिधान पहनकर और हरियाणवी व पंजाबी गीतों पर खूब नृत्य किया। इस दौरान मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक पंकज संधीर व प्रधान विजय भृगु सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता व बुजुर्ग उपस्थित रहे। लोहड़ी की अग्नि प्रज्ज्वलित करने के उपरांत संरक्षक माता पंकज संधीर ने कहा कि लोहड़ी का त्योहार हमें समरसता व सद्भाव से मिलजुलकर रहना सिखाता है। उन्होंने कहा कि मन में बसी ईर्ष्या, द्वेष एवं अन्य विकारों को लोहड़ी की अग्नि में आहुति समझकर डाल देने चाहिए। निष्काम भाव से सेवा कार्य करने का प्रयास करना चाहिए।

संरक्षक पंकज संधीर व प्रधान विजय भृगु ने बताया कि मोक्ष वृद्धाश्रम में सभी पर्व, त्योहार एवं अन्य विशेष दिवस धूमधाम से आयोजित किए जाते हैं। मोक्ष वृद्धाश्रम बुजुर्गों की समुचित सेवा व संभाल के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बहुत से परिवार, शिक्षण संस्थाओं से जुड़े बच्चे एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी जन्मदिन, सालगिरह या त्योहार यहां आश्रम में पहुंचकर बुजुर्गों के साथ मिलकर मनाते हैं।



हिसार। मोक्ष वृद्धाश्रम में लोहड़ी मनाते बुजुर्ग। फोटो : हरिभूमि

## नौकरी दिलाने के नाम पर आठ लाख की ठगी करने वाला काबू

**हिसार।** आदमपुर पुलिस ने दिल्ली फॉरेस्ट डिपार्टमेंट में गार्ड की नौकरी दिलाने के नाम पर की गई आठ लाख की ठगी मामले में एक आरोपित दिल्ली के स्वरूप नगर निवासी हरिओम को गिरफ्तार किया है। मामले में जांच अधिकारी एएसआई संजीव कुमार ने बताया कि थाना आदमपुर में गांव भोडिया बिश्नोइयान निवासी सतबीर सिंह ने दिल्ली फॉरेस्ट डिपार्टमेंट में गार्ड के पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर आठ लाख रुपए की ठगी होने के बारे में शिकायत दी थी। उसने बताया कि 2021 में उसने दिल्ली फॉरेस्ट डिपार्टमेंट में गार्ड के नौकरी के लिए अप्लाई कर रखा था। आरोपी हरिओम ने शिकायतकर्ता के रिश्तेदार के जरिए शिकायकर्ता को कहा कि वह उसे दिल्ली फॉरेस्ट डिपार्टमेंट ने गार्ड के पद पर नौकरी लगवा देगा। इसके बदले में उसे सात लाख रुपए देने होंगे और एडवांस दो लाख रुपए लिए। फॉरेस्ट गार्ड का रिजल्ट आने पर शिकायतकर्ता का सिलेक्शन नहीं हुआ। इसके बाद आरोपी शिकायतकर्ता को रेलवे, इनकम टैक्स आदि डिपार्टमेंट में नौकरी दिलाने का झांसा देते रहे और अलग अलग तिथियों पर लगभग आठ लाख रुपए ठग लिए। पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने लगे। शिकायतकर्ता द्वारा दी गई शिकायत पर थाना आदमपुर में पिछले वर्ष 26 जून को केस दर्ज करके मामले में एक आरोपितप हरिओम को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उसे पूछताछ के लिए एक दिन के रिमांड पर लिया है।

## उपायुक्त कार्यालय का घेराव 18 को करेंगे निर्माण मजदूर

**हिसार।** पिछले करीब चार साल श्रम विभाग से अपने अधिकारों की मांग को लेकर और प्रशासन द्वारा मांगों की अनदेखी के चलते 18 जनवरी को निर्माण मजदूर फिर से उपायुक्त कार्यालय का घेराव करेंगे। यह पड़ाव तीन दिन तक चलेगा। यह बात भवन निर्माण कामगार यूनियन हिसार जिला के सचिव मनोज सोनी ने आजाद नगर में लेबर चौक पर मजदूरों के समक्ष कही। उन्होंने बताया कि पिछले महीने 18 दिसंबर को जिला प्रशासन से बात हुई थी और आश्वासन भी मिल गया था लेकिन अभी तक प्रशासन द्वारा मजदूरों के हक में कोई भी काम नहीं किया गया है। मजदूर दर बदर की ठोकरें खा रहा है। नया पंजीकरण बंद पड़ा है और पुराने लाभ के फॉर्म बकाया पड़े हैं। मारी गई दिहाड़ी का सबसे बड़ा सवाल, इन सब मुद्दों को लेकर मजदूर भटक रहे हैं। इस मौके पर आजाद नगर चौक के प्रधान अरविंद और हिसार तहसील के प्रधान राकेश गगंवा ने भी संबोधित किया । राकेश गंगवा ने कहा कि जब तक मजदूरों को हक नहीं मिल जाता संघर्ष यूं ही जारी रहेगा और भवन निर्माण कामगार यूनियन अपने गांव स्तर की यूनिट कमेटी में जाकर मजदूरों को जागरुक कर रही है।

**सख्ती** हांसी पुलिस का अपराधियों पर आक्रमण, विभिन्न मामलों में संलिप्त 13 को दबोचा

पुलिस अधीक्षक ने दी कड़ी चेतावनी

# अपराधियों के लिए जिले में कोई स्थान नहीं अपराधी अपराध छोड़े या हांसी : एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद ने अपराधियों को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने चेताया कि अपराधी या तो अपराध छोड़ दें या फिर हांसी। पुलिस अधीक्षक रविवार को हांसी पुलिस द्वारा चलाए गए ऑपरेशन आक्रमण बारे जानकारी दे रहे थे। नशा तस्करों व अपराधियों को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि हांसी जिला क्षेत्र में अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन आक्रमण के तहत विभिन्न मामलों में संलिप्त 13 अपराधियों को पकड़ा गया है। भविष्य में भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे।



हांसी। आपरेशन आक्रमण के तहत नशा तस्करों के आवास सर्च अभियान चलाते पुलिस कर्मी। फोटो : हरिभूमि

### सुबह चला अभियान

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद के निदेर्शानुसार नशा तस्करों व अपराधों पर रोकथाम लगाने के उद्देश्य से जिला पुलिस हांसी में ऑपरेशन आक्रमण चलाया गया। इसके तहत पुलिस ने विभिन्न अपराधिक मामलों में संलिप्त रहे 13 आरोपियों को धर दबोचा, जिससे अपराधियों में हड़कंप मच गया।

### ये बनाई टीमें, इनको पकड़ा

ऑपरेशन आक्रमण-7 के तहत चलाए गए विशेष अभियान में जिला पुलिस कप्तान के निर्देश पर सभी अपराध जांच शाखा एवं थाना व चौकी स्तर पर कुल 24 टीमों का गठन किया गया। इसमें 205 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने 13 अपराधियों को काबू करने में सफलता हासिल की। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि हांसी पुलिस ने ऑपरेशन आक्रमण-7 के तहत आबकारी अधिनियम के तहत 10 मामले दर्ज करते हुए 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 110 बोतल अवैध शराब व 230 लीटर लाहन बरामद किया है। पीओ स्टाफ टीम ने एक उद्धघोषित अपराधी, तथा नशे के खिलाफ अभियान में एक आरोपी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 50 ग्राम सुल्फा बरामद किया है। जिला यातायात पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत लेन चेंज ड्राईविंग के 48 वाहनों के चालान किए।

## खबर संक्षेप

### भूतपूर्व प्रधानमंत्री नंदा का श्रद्धांजलि समारोह आज

कुरुक्षेत्र। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री गुलजारी लाल नंदा की पुण्यतिथि 15 जनवरी 2024 को सदाचार स्थल पर सुबह 10 बजे एक श्रद्घाजंलि समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। यह जानकारी कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने दी है।

### तीसरी मंजिल से गिरी महिला, मौत

**पानीपत।** पानीपत में विवाहिता 23 वर्षीय फौजिया पत्नी महताब अंसारी मूल निवासी गोरखपुर, उत्तर प्रदेश हाल निवासी शिव नगर में घर की करीब तीस फुट उंची तीसरी मंजिल से नीचे गिर गई। इस हादसे में फौजिया की मौत हो गई। पति महताब ने बताया कि फौजिया गली में खेल रहे बच्चे को आवाज लगाने के लिए बालकनी से झुकी, इस दौरान उसके पैर का संतुलन बिगड़ गया और नीचे गिर गई।

### हादसे में घायल वकील की मौत

**पानीपत।** पानीपत बार एसोसिएशन के सीनियर वकील 50 वर्षीय राजेश कुमार निवासी गांव अलुपुर जिला पानीपत की सड़क हादसे में मौत हो गई। राजेश दो जनवरी को बाइक पर सवार होकर जा रहा था, गांव भंडारी के पास रास्ते में अज्ञात वाहन ने राजेश को टक्कर मार दी थी। हादसे में राजेश गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजनों ने राजेश को उपचार के लिए दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में भर्ती करवाया था। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने राजेश की मौत के मामले में अज्ञात वाहन के चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज किया है।

### सड़क दुर्घटना में ग्रामीण की जान गई

**इसराना।** पानीपत के गांव मांडी के पास कार ने संजय कुमार निवासी गांव मांडी जिला पानीपत को टक्कर मार दी। हादसे में संजय की मौत हो गई। थाना इसराना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद संजय का शव उसके परिजनों को सौंप दिया ।

### साइबर क्राइम के विरूद्ध जागरूक किया

पानीपत। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव मतलौडा में एनएसएस के शिविर के तीसरे दिन मतलौडा पुलिस थाने से ट्रैफिक हवलदार सतबीर सिंह, हवलदार अनिल कुमार कांस्टेबल, प्रवीण व मनोज कुमार ने एनएसएस स्वयंसेवकों को यातायात नियम की पालन करने तथा साइबर क्राइम के विरूद्ध जागरूक किया।

# कैलाश गांव में राष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम बनकर तैयार, जल्द होगा लोकार्पण : सीएम

## मुख्यमंत्री ने स्टेडियम का किया निरीक्षण, खिलाड़ियों को दी बधाई, कहा-खेलों में प्रदेश व देश का करें नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




करनाल। मुख्यमंत्री मनोहर लाल अपने करनाल प्रवास के दौरान रविवार को कैलाश गांव में बने राष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम का निरीक्षण करते हुए व हॉकी खिलाड़ियों के साथ। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने करनाल प्रवास के दौरान रविवार को कैलाश गांव में बने राष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा जल्द ही इसका लोकार्पण होगा। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर हॉकी खिलाडि़यों को नए स्टेडियम के बनने की शुभकामनाएं एवं बधाई और कहा कि इस स्टेडियम में बेहतरीन तरीके से अभ्यास करके राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेलों में प्रदेश व देश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही है। अब गांवों में खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं ताकि खिलाड़ी अपने गांव में ही बेहतर अभ्यास कर सकें।

- **हरियाणा सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही, अब गांवों में खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाएं प्रदान की जा रही : मनोहर लाल**

इस मौके पर उपायुक्त एवं केएससीएल के सीईओ अनीश यादव ने बताया कि शहर में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विकास हो रहा है। इन सुविधाओं से यहां के खिलाड़ियों को अपने शहर में ही प्रतिभा को निखारने के अवसर मिलेंगे। इन्हीं खेल सुविधाओं में से एक कैलाश गांव में राष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। जल्द ही यह जनता को समर्पित होगा।

उन्होंने बताया कि यह हॉकी स्टेडियम इंटरनेशनल फैडरेशन ऑफ हॉकी के मानकों के अनुसार बनाया गया है। इसके निर्माण पर करीब 18 करोड़ 27 लाख रुपये की राशि खर्च हुई है और यह स्टेडियम साढ़े 6 एकड़ भूमि में बनकर तैयार हुआ है।

खास बात यह है कि एस्ट्रो टर्फ विदेशी तकनीक से निर्मित है। मेन ग्राउंड में 6 स्प्रिंकल लगाए गए हैं। इसके अलावा मैदान में रोशनी के लिए 34 मीटर उंचाई के 4 पोल पर एक-एक हजार वॉट की 72 एलईडी लाइट लगाई गई हैं। स्कोर बोर्ड के लिए बड़ी एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई है। स्टेडियम में अलग से 400 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया है तथा 160 केवी के जनरेटर का भी प्रबंध किया गया है।

उन्होंने बताया कि हॉकी स्टेडियम में दिन-रात किसी भी अवधि में मैच आयोजित किए जा सकेंगे। स्टेडियम में 600 दर्शकों के बैठने का प्रबंध किया गया है जिसमें तीन गैलरी बनाई गई हैं। इसमें एक गैलरी वीआईपी जिसमें 100 लोगों के बैठने की व्यवस्था है।

इसके साथ ही दो अन्य गैलरी सामान्य दर्शकों के लिए बनाई गई है जिसमें प्रत्येक में 250 दर्शक बैठ सकते हैं। प्रत्येक गैलरी के बेस में तीन-तीन कमरे, बाथरूम व शौचालय, महिला एवं पुरूष खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग बनाए गए हैं। इन तीन कमरों में से एक कमरा मेडिकल स्टाफ के लिए आरक्षित किया गया है। इसके अलावा एक कॉमन लॉबी भी बनाई गई है।

### ये रहे मौजूद

मौके पर जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मेयर रेनू बाला गुप्ता, डिप्टी मेयर नवीन कुमार, भाजपा नेता सतीश पोसवाल, उपायुक्त अनीश यादव, पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, निगम कमिश्नर अभिषेक मीणा, केएससीएल के जीएम रामफल तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### सुल्तानपुर चौक पर सीएम ने लगाई ब्रेक, दुकान पर चाय पी, राहगीरों से खुलकर बात की

अंबाला। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के काफिले ने रविवार को अचानक करनाल से चंडीगढ़ जाते हुए अंबाला-चंडीगढ़ मार्ग पर स्थित सुल्तानपुर चौक पर ब्रेक लगा दी। मुख्यमंत्री यहां अचानक से एक चाय की दुकान पर रूके। यहां खड़े लोगों से उनका हाल चाल जाना। अचानक से अपने बीच सीएम की मौजूदगी से लोग बेहद खुश हुए। यहां मुख्यमंत्री ने न केवल आम आदमी की तरह वहां खड़े होकर चाय की चुस्कियां लेते हुए उनसे उनकी समस्याएं जानी बल्कि उन्हें मकर संक्राति पर्व की शुभकामनाएं भी दी। लोगों ने मुख्यमंत्री के सामने अपनी समस्या रखते हुए बताया कि इस रोड़ पर क्रॉसिंग पर पुल न होने से दुर्घटनाएं होती रहती हैं। यहां खड़े युवाओं ने लोगों के बीच बिना किसी सुरक्षा घेरे के सीएम को देखकर उनकी फोटो भी अपने मोबाइल के कैमरे में कैद की। युवाओं का कहना था कि सुरक्षा की दृष्टिगत सीएम का सुरक्षा घेरा काफी मजबूत होता है। वहां तक बिना स्वीकृति के नहीं पहुंच जा सकता है। मगर सीएम मनोहर लाल आम लोगों की तरह लोगों से मिलते रहे। चाय विक्रेता दुकानदार ने कहा कि यह उनके लिए ऐसे क्षण थे जिसे वे जीवन में कभी भूला नहीं पाएंगे।

- **चौक पर हादसे रोकने के लिए लोगों ने ओवरब्रिज बनाने की मांग रखी, जल्द समस्या के समाधान का मिला आश्वासन**



मुख्यमंत्री मनोहर लाल रेलवे स्टेशन के बाहर बेसहारा लोगों का जायजा लेते हुए।

### सीएम की दरियादिली: जरुरतमंदों को सिक्योरिटी की गाड़ी से पहुंचाया रैन बसेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने शनिवार रात्रि अचानक से करनाल रेलवे स्टेशन के बाहर का दौरा किया। यहां ठंड में बैठे बेसहारा लोगों को देख उन्होंने तत्काल इन्हें रैन बसेरा में शिफ्ट करने का निर्देश दिया और इसके लिए अपनी खुद की सिक्योरिटी में लगी गाड़ी के माध्यम से रैन बसेरा तक पहुंचाया।

- **रेलवे स्टेशन के बाहर पहुंचे थे मुख्यमंत्री, रैन बसेरा में शिफ्ट किए गए लोगों के खाने के लिए अपने कोष से दिए ढाई लाख रुपये**

इस दौरान मुख्यमंत्री वहीं मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि उन्हें सूचना मिली थी कि कड़ाके की ठंड में रेलवे स्टेशन के बाहर कुछ लोग खुले में रात बिताते हैं। ऐसे में मैंने स्वयं यहां आकर इसका जायजा लिया। यहां काफी संख्या में लोग बाहर बैठे थे। ऐसे में इन्हें तत्काल रैन बसेरा पहुंचाया गया। वहीं जिला उपायुक्त को निर्देश दिए कि इन लोगों के रहने और खाने पीने की व्यवस्था रैन बसेरा में की जाए। उन्होंने कहा कि आज लोहड़ी का त्योहार है ऐसे में इन्हें मूंगफली व अन्य खाद्य सामग्री देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन लोगों की खाने की व्यवस्था करने के लिए ढाई लाख रुपये देने की भी घोषणा की है। दिन में ये लोग अपने-अपने काम पर जाएंगे और रात्रि के समय रैन बसेरा में रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानवता के नाते जरुरतमंद लोगों की मदद करना हमारा फर्ज बनता है, इसके लिए हमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में आगे आना चाहिए।

इस दौरान जिला प्रशासन के आला अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद इन लोगों को राम नगर के रैन बसेरा में शफ्टि किया गया। इस कार्य में मुख्यमंत्री सिक्योरिटी की गाड़ी लगी रही। इस मौके पर जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मेयर रेनू बाला गुप्ता, सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अग्गी, डीसी अनीश यादव, एसपी शशांक कुमार सावन, निगम कमश्निर अभिषेक मीणा, एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा आदि मौजूद रहे।

# धर्मनगरी से अयोध्या की ओर संतों का कूच आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान श्री राम प्रतिष्ठा समारोह को लेकर संतों का अयोध्या जी में जाने का कूच आज धर्मनगरी से आरंभ हो गया। धर्मनगरी कुरुक्षेत्र से आज गुरु ब्रह्मानंद आश्रम की साध्वी मैत्रीनन्द ने अयोध्या जी की ओर प्रस्थान किया। ब्रह्मानंद आश्रम ब्रह्म सरोवर से आज उन्होंने अपनी यात्रा अपने आश्रम के भक्तों व अनुयायियों के सहयोग से सनातन धर्म मंदिर न्यू कॉलोनी में पहुंचकर वहां भगवान श्री राम के दरबार में भगवान श्रीराम को नतमस्तक होकर भगवान श्रीराम का आशीर्वाद लेकर अयोध्या की और कूच किया। विश्व हिंदू परिषद के जिला प्रचार प्रमुख राजेश अरोड़ा ने बताया कि साध्वी मैत्रीनन्द ने अपनी यात्रा आज से आरंभ कर दी है। 21 जनवरी तक वह अयोध्या पहुंच जाएंगी। इस कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के सुरेश जोशी, राकेश मेहता के इलावा विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, सनातन धर्म मंदिर के कई सदस्य व गुरु ब्रह्मानंद आश्रम ब्रह्म सरोवर के कई भक्तजन उपस्थित थे।



अयोध्या की ओर कूच करते श्रद्धालु।

### बस में चढ़ते समय व्यक्ति की जेब से पर्स चोरी

**यमुनानगर।** जगाधरी बस स्टैंड पर बस में चढ़ते समय व्यक्ति की जेब से पर्स चोरी हो गया। पर्स में 25 सौ रुपये, यूरोप का आईडी कार्ड, क्रेडिट कार्ड व अन्य दस्तावेज थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार पटियाला निवासी सुखविंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 12 जनवरी को यमुनानगर किसी काम से आया था। दोपहर साढ़े 12 बजे वह जगाधरी बस स्टैंड पर बस में चढ़ने लगा। इस दौरान उसकी जेब से अज्ञात व्यक्ति ने पर्स चोरी कर लिया।

पर्स में ढाई हजार रुपये, यूरोप का आईडी कार्ड, क्रेडिट कार्ड व अन्य दस्तावेज थे। उसने पर्स चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# पानीपत सिविल अस्पताल में बनेगा क्रिटिकल केयर ब्लॉक

## सीसीबी की 50 बेड की होगी क्षमता, 20 करोड़ की लागत आएगी, लैब भी बनेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिला सिविल अस्पताल परिसर में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत तकरीबन 20 करोड़ की लागत से 50 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक (सीसीबी) बनाया जाएगा, साथ ही अस्पताल में जिला इंटीग्रेटिडिड पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी भी बनाई जाएगी। वहीं, पीडब्ल्यूडी बीएंडआर की ओर से भूमि की पैमाइश कर रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। क्रिटिकल केयर ब्लाक रनिंग में आने से ट्रामा सेंटर का अभाव नहीं रहेगा, इसके बनने से गंभीर रूप से घायल लोगों व गंभीर रोगों से पीडित रोगियों का उपचार सीसीबी में ही हो सकेगा और ऐसे रोगियों व घायलों को पीजीआई खानपुर या फिर रोहतक रेफर करने के केसों में कमी आएगी। स्मरणीय है कि स्वास्थ्य विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष में जिला नागरिक अस्पताल और फील्ड में बढ़ने वाली सुविधाओं पर फोकस करना शुरू कर दिया है। लंबित प्रस्तावों के रिमाइंडर भेजे जा रहे हैं। जर्जर इमारतों की कंडम रिपोर्ट तैयार कराकर, क्रिटिकल केयर ब्लॉक (सीसीबी), लेबोरेट्री, वैक्सीन स्टोर, चिकित्सकों के आवास पर पूरी तरह से फोकस कर रखा है।

### लैब में हो सकेंगे 50 प्रकार के टेस्ट

सिविल सर्जन डा. जयंत आहूजा ने बताया कि नागरिक अस्पताल परिसर में 50 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनना है। इसके लिए करीब 3500 वर्ग मीटर भूमि चिन्हित की गई है। इसमें कोरोना पाजिटिव, हार्ट-ब्रेन अटैक, फेफड़ों संबंधी रोगी, आग व करंट से झुलसे लोगों को बेहतर इलाज मिलेगा। इसके साथ डिस्ट्रक्टि इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी तैयार होगी। लेबोरेटरी में 50 प्रकार के टेस्ट हो सकेंगे। लैब मेडिकल कालेज की तर्ज पर बनेगी।

### जिला वैक्सीन स्टोर बनेगा

एमएस डॉ आहहूजा ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कार्यालय वाली बिल्डिंग को भी पीडब्ल्यूडी के माध्यम से कंडम घोषित कराया जाएगा। मलबे की नीलामी प्रक्रिया पूरी कराएंगे। यहां जिला वैक्सीन स्टोर बनेगा। अभी तक सिविल अस्पताल में वैक्सीन स्टोर है लेकिन ड्राइंग में वह रसोई का स्थान है।

### अस्पताल में बनेंगे 55 आवास

एमएस डॉ आहूजा ने बताया कि स्टाफ क्वाटर्स जर्जर अवस्था में हैं। चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए फ्लैटनुमा 55 आवास बनाने का प्रस्ताव भेजा गया है। रिमाइंडर भी भेज दिया है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। इसके बाद आवासों के लिए जगह चिन्हित की जाएगी। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत का दायरा आगामी वर्षों में बहुत विस्तृत होना है। उसी के हिसाब से सरकार को फैसिलिटी भी बढ़ानी होंगी। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत जिला के सभी पांच ब्लाक में भी क्रिटिकल केयर ब्लाक (सीसीबी) बनेंगे। सीधा अर्थ, चिकित्सा-व्यवस्था की दशा बहुत सुधरने वाली है।

### राम मंदिर पास के नाम पर हो रही ठगी

**अंबाला।** साइबर अपराधी ठगी को अंजाम देने के लिए तरह तरह के तरीके अपना रहे है। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन होने वाला है। ऐसे में साइबर अपराधी साइबर ठगी का अंजाम देने के लिए राम मंदिर का उद्घाटन का नाम लेकर साइबर ठगी को अंजाम देने की ताक में है। पुलिस द्वारा एक एडवाइजरी जारी की गई है जिसमें उन्होंने लोगों से सावधान रहने की अपील की गई है। साइबर अपराधियों द्वारा राम मंदिर के उद्घाटन के पास के नाम पर एक एप्लीकेशन व्हाट्सएप ग्रुपों और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंचाई जा रही है जो एक तरह का वायरस है।

### मेरी आत्मा में कांग्रेस बस्ती है, पूरा जीवन कांग्रेस पार्टी के लिए, समर्पित: निर्मल सिंह

**अंबाला।** कड़ाके की सर्दी के बावजूद रविवार को अंबाला छावनी के कांग्रेस भवन में पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक जैन व पूर्व डिप्टी मेयर सुधीर जायसवाल की अध्यक्षता में निर्मल सिंह व चित्रा सरवारा का कांग्रेस नेताओं द्वारा स्वागत समारोह किया गया। स्वागत समारोह में भारी संख्या में उमड़ी भीड़ के उत्साह और जोश को देखकर गदगद निर्मल सिंह ने कार्यकर्ताओं व नेताओ का धन्यवाद व आभार व्यक्त करते हुए कहा की मेरी आत्मा में कांग्रेस बस्ती है। मेरा पूरा जीवन कांग्रेस पार्टी के लिए समर्पित है। हमारे सभी साथी उल्टी हवाओं के खिलाफ चले, कष्ट भी सहे लेकिन कभी एक दूसरे का साथ नहीं छोड़ा। उन्होंने भाजपा सरकार पर बरसते हुए कहा की आज प्रदेश में 2 लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं। पक्की नौकरियों को कौशल निगम के जरिए कच्चे में बदल दिया गया। जिसमें न नौकरी है न पेंशन। यही काम अग्निवीर योजना में हुआ जिसमें 18 साल का नौजवान भर्ती होगा और 4 साल बाद 22 की आयु में बेरोजगार होकर वापस घर लौट आएगा।

### ऑनलाइन लिंक से मिले शिक्षकों को विदेश जाने की अनुमति

**बराड़ा।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन (हसला) के राज्य सचिव संदीप खोखर ने कहा कि मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री से प्राध्यापकों के लिए पूर्व में घोषणा किए और जारी किए पत्र के अनुसार इस लिंक को चालू करने उच्चतर शिक्षा विभाग की तरह विभिन्न तरह की सेवाओं जैसे विदेश जाने की अनुमति उच्च शिक्षा के लिए ली जाने वाली अनुमति को भी ऑनलाइन लिंक के द्वारा ही शुरू करने की मांग की है। इसी तरह सभी प्राध्यापकों के साथ-साथ शिक्षक वर्ग के सभी साथियों को चिकित्सा अवकाश देने की मांग की है।

**दिन में मिली राहत**

**बच्चों, बुजुर्गों व महिलाओं ने घरों से बाहर निकल कर लिया धूप का आनंद**

# घने कोहरे ने दोपहर तक छुटाई कंपकंपी, दोपहर बाद सूर्य देव के दर्शन होने से लोग हुए खुश

शहर के पार्कों में बच्चों की खिलखिलाहट गूंजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर




यमुनानगर में सुबह के वक्त छाया हुए घने कोहरे में गुजरते हुए वाहन व धूप खिलने के बाद पार्कों में खेलते हुए बच्चे।

पिछले करीब एक पखवाड़े से जिले में पड़ रहे घने कोहरे, आसमान में छा रहे धुंध के बादल और चल रही शीतलहर से रविवार को लोगों को कुछ राहत मिली है। रविवार को रात भर से लेकर दोपहर तक जिले में सुबह के वक्त घना कोहरा छाया रहा और धूंध के बादल छाए रहे। वहीं, दोपहर डेढ़ बजे के करीब जिले में सूर्यदेव के दर्शन हुए और धूप निकली। जिसके बाद कुछ घंटे तक अच्छी धूप खिली रहने से ट्विन सिटी के पार्कों में पहुंचकर बच्चों ने धूप का खूब आनंद लिया। खासकर शहर के ओपी जिंदल पार्क, मॉडल टाउन के न्यू पार्क, शास्त्री पार्क व नेहरू पार्क आदि में पहुंचकर बच्चों ने धूप का आनंद लिया और खेल का लूत्फ उठाया। लेकिन कुछ घंटे धूप खिलने के बाद भी तापमान में खास बढ़ोतरी दर्ज नहीं की गई।

रविवार सुबह पिछले एक पखवाड़े की तरह जिले में घना कोहरा छाया हुआ था और शीतलहर चल रही थी। घना कोहरा छाए रहने से सड़कों पर वाहनों की रफ्तार पांच किलोमीटर प्रति घंटा से भी कम थी। लोग लाइटें जगाकर वाहनों को धीमी गति से लेकर अपने गंतव्य पर पहुंचने को मजबूर थे। मगर सुबह 10 बजे के करीब घना कोहरा तो छंट गया। मगर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और शीतलहर चलती रही। जिससे मौसम में ठंडक बनी रही।

रविवार दोपहर डेढ़ बजे के करीब सूर्य देव के दर्शन हुई और धुंध के बादल छंट गए। इसके बाद कुछ घंटे तक अच्छी धूप खिली और बच्चे, महिलाएं व बुजुर्गों समेत अन्य लोगों ने घरों से बाहर निकलकर धूप का आनंद लिया। इस दौरान बच्चे पार्कों में लगे झूलों पर झूले और कई बच्चों ने अन्य खेल खेलकर खूब मस्ती की। वहीं बच्चों की माताओं ने इस दौरान पार्क में बैठकर धूप के आनंद के साथ खूब गपशप की। सिटी सेंटर क्षेत्र निवासी रोशनी, मनीषा, कमला व रोजी आदि ने बताया कि पिछले दो सप्ताह से अधिक समय से दिन भर धुंध के बादल छाए रहने व सुबह के वक्त घना कोहरा छाया रहने से मौसम में काफी ठंडक बढ़ गई थी। जिसकी वजह से बच्चे, बुर्जुग, महिलाएं घरों में कैद होकर रह गए थे। वहीं मॉडल टाउन निवासी रविश ने बताया कि धूप निकलने के बाद वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ पार्क में पहुंचे हैं। उनका कहना था कि पार्क में धूप का आनंद लेने पहुंचे लोगों की भीड़ से उन्हें पार्क में घूमना काफी अच्छा लगा है।

### तापमान में नहीं हुई खास बढ़ोतरी

जिले में रविवार को अधिकतम तापमान में दो सेल्सियस की मामूली बढ़ोतरी हुई। जिसकी वजह से जिले का तापमान अधिकतम 16 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

# नगरपालिका कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। ज्ञापन सौंपते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर मंत्रियों व सांसदों को ज्ञापन देने की कड़ी में नायब सिंह सैनी सांसद कुरुक्षेत्र के नाम ज्ञापन सांसद की गैरमौजूदगी में सांसद महोदय के प्रतिनिधि को सौंपा गया। प्रदर्शन का नेतृत्व सुभाष गुस्सर जिला प्रधान ने किया व संचालन जय प्रकाश राज्य कमेटी मेंबर ने किया। सुभाष गुस्सर ने बताया कि। 15 जनवरी से नगर पालिका कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र ईकाई की तरफ से नगर पालिका कुरुक्षेत्र के कर्मचारियों के बकाया एरियर व एलटीसी को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी और एरियर व एलटीसी के भुगतान होने तक जारी रहेगी। प्रदर्शन में मनजीत भुल्लर ब्लाक प्रधान लाडवा, ललीत कुमार, विक्रम सिंह, संजीव कुमार, अमित कुमार,जोनी,राज कुमार, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

- **मांगों को लेकर 15 जनवरी से हड़ताल शुरू की जाएगी**

### ये है कर्मचारियों की मांगें

मांगें राम तिगरा राज्य महासचिव नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा व ओमप्रकाश जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र ने संयुक्त रूप से बताया कि गुरूग्राम के 3480 कर्मचारियों सहित अन्य छंटनी ग्रस्त कर्मचारियों को पालिका रोल पर लेने व हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल करने, सस्पेंशन,ट्रमिनेशन, चार्ज शीट, ज्ञापन पत्र, हड़ताल अवधि का वेतन देने तथा झूठे मुकदमों व अन्य उत्पीड़न की कार्यवाही को रद्द करने,फायर के 1327 व 212 फायरमैनों व ड्राइवरों को सृजित पदों पर समायोजित करने तथा 2063 फायर आपरेटर की भर्ती को रद्द करने, 58 वर्ष की नौकरी की गारंटी देने,फायर कर्मचारियों के वर्दी भत्ते में किये गए भेदभाव को समाप्त कर पुलिस विभाग की तर्ज पर वर्दी भत्ता देने, दैनिक वेतन भोगी,पार्ट -2,पार्ट टाइम, डीसी रेट पर लगे सभी सफाई, सीवर कर्मियों, ग्रुप सी व डी के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, समझौते को लागू करने,सीवर सेफ्टी टैंकों में हो रही मौतों पर रोक लगाने व मृतकों के आश्रितों को 50 लाख रुपए मुआवजा व पक्की नौकरी देने, पुरानी पेंशन बहाल करने को लेकर मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### 16 से 22 तक किए जा सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

**हिसार।** शिक्षु अधिनियम-1961 के तहत हरियाणा राज्य परिवहन के हिसार कार्यालय में औद्योगिक शिक्षुओं का एक वर्ष के लिए चयन किया जाना है। चयनित शिक्षुओं को प्रशिक्षण एवं भत्ता शिक्षु अधिनियम-1961 के अंतर्गत देय होगा। इच्छुक उम्मीदवार अपना रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन पोर्टल पर 16 से 22 जनवरी तक कर सकते हैं। विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि हिसार कार्यालय में मैकेनिक डीजल के लिए 30, वेल्डर के लिए 9, इलेक्ट्रीशियन के लिए 12, मोटर मैकेनिक के लिए 24, कारपेंटर के लिए 9, कोपा के लिए 3, टरनर के लिए 2, स्टेनो हिंदी के लिए 3 तथा पेंटर के लिए 2 शिक्षुओं का चयन किया जाएगा।

### बच्चे से मोबाइल छीनने का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** शहर के मोहल्ला लोकनायक में एक युवक से मोबाइल छीनने के मामले में कार्यवाही करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक नाबालिग पर कार्यवाही कर उसके कब्जे से छीना गया मोबाइल को बरामद कर लिया है। पुलिस ने 17 दिसम्बर को मोहल्ला लोकनायक गली गुलाब एमसी वाली फतेहाबाद के एक व्यक्ति की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

### भट्टूकलां में गांजा सहित युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** थाना भट्टूकलां पुलिस की टीम एएसआई पुरूषोतम के नेतृत्व में गश्त के दौरान चौपटा रोड पर रेलवे पुल के पास एक युवक को शक के आधार पर काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम बिन्टू निवासी गुज्जर मोहल्ला भट्टू बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से उसके पास से 310 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

### बैंक के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** पुलिस को दी शिकायत में गांव मंगालिया निवासी संदीप ने बताया कि दोपहर वह केनरा बैंक में आया था। बैंक के बाहर मोटरसाइकिल खड़ी कर वह काम से चला गया। कुछ देर बाद आया तो मोटरसाइकिल गायब मिली। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्वाई शुरू कर दी है।

### एसएस जैन सभा का उद्घाटन आज

**फतेहाबाद।** श्याम नगर स्थित एसएस जैन सभा का उद्घाटन 15 जनवरी सोमवार को प्रातः 10 बजे होगा। तपवारिधि विद्या भिलाषनी श्री निधिका जी महाराण, ठाणे-3 के पावन सानिध्य में रतिया चुंगी, श्याम नगर स्थित कार्यक्रम में राष्ट्रीय सामाजिक विकास समिति की राष्ट्रीय महासचिव एवं अग्रोहा विकास ट्रस्ट की अध्यक्ष नेहा मित्तल एसएस जैन सभा का उद्घाटन करेंगी।

### नप ने चलाया स्वच्छ तीर्थ अभियान

**रतिया।** नप ने रविवार को स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत पुराना बाजार में श्री मनोकामना दुर्गा मंदिर के आस-पास सफाई अभियान चलाया। मंदिर के आसपास आधा दर्जन सफाई कर्मचारियों द्वारा सफाई की गई। नगर पालिका सचिव पंकज जून ने बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देश पर 14 जनवरी से लेकर 21 जनवरी तक यह अभियान चलाया जाएगा।

### चोरी का आरोपी काबू दो स्टार्टर बरामद

**फतेहाबाद।** थाना जाखल पुलिस ने ट्यूबवेल के स्टार्टर चोरी मामले में कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसी मामले में एक नाबालिग पर भी कार्रवाई की है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से ट्यूबवेल के चुराए गए दो स्टार्टर बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी गुरप्यार सिंह को आज कोर्ट मे पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत मे हिसार भेजा गया।

### जाखल रेलवे लाइन पुल के नीचे मिला शव

**जाखल।** जाखल रेलवे स्टेशन के समीप रविवार को एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। शव जाखल से जमालपुर रेलवे स्टेशन के बीच रेल लाइन के घग्गर पुल के नीचे बरामद हुआ है। मृतक की पहचान नहीं हुई है।

---

### मकर संक्रांति पर कंबल, रेवडी व मूंगफली वितरण की

# अग्रोहा धाम में करोड़ों की लागत से हो रहा निर्माण कार्यः बजरंग

मकर संक्रांति पर हजारों महिलाओं ने शक्ति सरोवर स्नान किया और हवन-पूजन व भंडारा का कार्यक्रम किया गया।


**हिसार।** अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग कंबल वितरण करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा है कि अग्रोहा धाम में जनता के सहयोग से करोड़ों की लागत से निर्माण कार्य हो रहे हैं। इसके अलावा सभी मंदिरों का सौंदर्यकरण भी लगातार चल रहा है। बजरंग गर्ग रविवार को मकर सक्रांति के अवसर पर अग्रोहा धाम में में वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कंबल, रेवडी व मूंगफली वितरण किया गया। बैठक के उपरांत मकर संक्रांति पर हजारों महिलाओं ने शक्ति सरोवर स्नान किया और हवन-पूजन व भंडारा का कार्यक्रम किया गया।

अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने मंदिर में पूजा-पाठ करके कंबल, रजाई-गद्दे, रेवड़ी, मूंगफली व दूध वितरण करने के उपरांत कहा कि मकर संक्रांति हिंदूओं का प्रमुख त्यौहार है, जो हर साल मनाया जाता है। 14 जनवरी को सूर्य देव मकर रेखा पर आते है इसलिए इस दिन मकर संक्रांति का पावन पर्व मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति का दिन किसानों के लिए विशेष होता है। किसानों द्वारा हरियाणा, पंजाब व अन्य राज्यों में मकर संक्रांति पर नई फसल का स्वागत किया जाता है। देश के हर राज्यों में यह त्यौहार अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है जबकि मकर संक्रांति पर स्नान, पूजा-पाठ व दान देने का पर्व कहा जाता है।

तिल, गुड, खिचड़ी, फल व राशि अनुसार दान करने पर पुण्य की प्राप्ति होती है। उस दिन किए हुए दान से सूर्य देवता प्रसन्न होते हैं जबकि मकर संक्रांति पर सूर्य पूजन का विशेष महत्व होता है। सूर्य देव के अर्घ्य देकर उनके मंत्रों का जाप करने से व्यक्ति को विशेष लाभ मिलता है। इस अवसर पर चंद्रभान अग्रवाल दिल्ली, विजय अग्रवाल राजस्थान, अनिल गोयल पंजाब, सत्यप्रकाश गोयल यूपी, प्रेम गुप्ता हिमाचल, शिवकुमार गर्ग चंडीगढ़, महेश अग्रवाल मथुरा, श्रीमती कमलेश रानी, अनंत अग्रवाल बरवाला, चूड़ियाराम गोयल टोहाना, ऋषिराज गर्ग, पवन गर्ग, निरंजन गोयल, गौ सेवक सीताराम सिंगल, संदीप कुमार आदि प्रतिनिधि ने अपने विचार रखें।

#### अग्रोहा धाम में सभी देवी-देवताओं के मंदिर बने

बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम में सभी देवी-देवताओं के विशाल मंदिर बने हुए हैं। माता लक्ष्मी जी, महाराजा अग्रसेन जी, माता सरस्वती देवी, बाबा हनुमान जी, श्री द्वारकाधीश मंदिर, श्री रामेश्वर धाम, शिव भोले बाबा व माता वैष्णो देवी जी का 400 मीटर लंबी गुफा में स्थित मंदिर व बाबा अमरनाथ जी की गुफा, बाबा भेरो जी व श्री तिरुपति बालाजी के साथ-साथ श्री राधा कृष्ण जी, महाभारत व श्री रामचंद्र जी की भव्य संचालित झांकियां बनी हुई है और हर देवी-देवताओं के त्योहार पर अग्रोहा धाम में कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। अग्रोहा धाम में देश के कौने-कौने से हजारों भक्तजन पूजा-पाठ करने के लिए आते हैं।

---

# किसान महापंचायत तीन को

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद


**नारनौंद।** कस्बे की चौपाल में किसानों को संबोधित करते हुए किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़। *फोटो : हरिभूमि*

कस्बे की बड़ी चौपाल में किसान पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में संयुक्त किसान मोर्चा के नेता अभिमन्यु कोहाड़ पहुंचे। उन्होंने मौके पर किसानों के साथ उन्होंने तीन फरवरी को नारनौंद में होने वाली रैली को लेकर विस्तार से चर्चा कर लोगों को पंचायत में पहुंचने का न्योता दिया।

किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ कहा कि 13 फरवरी को किसान दिल्ली कूच करके आंदोलन का बिगुल बजाएंगे। देशभर के किसान संगठनों तीन मुख्य मांगों को लेकर दिल्ली कूच का ऐलान किया है। इस विषय को लेकर किसानों से चर्चा की गई है। इसकी तैयारी को लेकर तीन फरवरी को नारनौंद की अनाज मंडी में किसानों की एक महारैली रखी गई है जिसमें देश भर से किसान नेता भाग लेंगे।

सरकार ने किसानों के साथ धोखा किया है। एक बार फिर पूरे देश के किसान एकजुट होकर सरकार के खिलाफ आंदोलन का बिगुल बजाएंगे। इस मौके पर बलवान लोहान, जंगी, शीलू लोहान, अनिल, अमित इत्यादि किसान मौजूद रहे।

---

# मकर सक्रांति पर लगाया भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद


**नारनौंद।** भंडारे में प्रसाद वितरण करते हुए व्यापार मंडल के प्रधान राजवीर खेड़ी वाला व अन्य सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

मकर संक्रांति के त्योहार पर व्यापार मंडल की तरफ से पुराने बस स्टेंड पर भंडारा लगाया गया। इसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। व्यापार मंडल के प्रधान राजबीर जैन खेड़ीवाला ने बताया कि सभी व्यापारियों के सहयोग से मकर संक्रांति के त्योहार पर भंडारे का आयोजन किया गया है जिसमें प्रसाद तैयार करके लोगों को बांटा गया। मकर संक्रांति के दिन दान करने की पुरानी परंपरा है।

इसी को लेकर इस भंडारे का आयोजन किया गया। दूसरी तरफ नारनौंद की गणेश मार्केट में भी भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें लोगों द्वारा छोले पूरी और हलवे का प्रसाद का आनंद लिया गया। मैन बाजार में आसान चौक में और पुरानी सब्जी मंडी में जानवरों के लिए भी गुलगुले बनाकर उनको खिलाए। इस अवसर पर नरेश वर्मा, अमित यादव, सुरेश पार्षद, दौलत राम, सज्जन जांगड़ा, सुभाष, सुनील मिगलानी, शीलू लोहिया, सुंदर गिरधर, अमर बाहर, हिमांशु सिंगला, नरेश शर्मा, सोमबीर, हरकेश शर्मा, प्रवीण सिंगल, प्रमोद पेटवाड़, सतन हलवाई, कालू गिरधर, छोटू गिरधर और पप्पू गोयल उपस्थित रहे।

---

# भामाशाह नगर में धूमधाम से मनाया लोहड़ी उत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

भामाशाह नगर वेलफेयर सोसायटी ने बीती रात मोहल्ले में लोहड़ी उत्सव धूमधाम से मनाया। सोसायटी के प्रधान सत्यकाम आर्य ने बताया कि उत्सव में सोसायटी से जुड़े लगभग 200 घरों के सदस्यों ने भाग लेकर उत्सव को चार चांद लगा दिये। विभिन्न तरह के खेल करवाये गये। लकड़ियों के ढेर में अग्नि देने पर सभी ने मिलकर गीत गाये। बच्चों के साथ-साथ बड़ों ने भी उत्सव का भरपूर आनंद लिया।

---

# त्योहारों से होता समाज में ऊर्जा का संचार : डा. वंदना

- धूमधाम से मनाया लोहड़ी उत्सव कार्यक्रम


**हिसार।** गुजवि में लेडीज क्लब द्वारा आयोजित लोहड़ी पर्व कार्यक्रम में डॉक्टर वंदना बिश्नोई व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डॉक्टर वंदना बिश्नोई ने कहा है कि लोहड़ी और मकर संक्रांति के त्यौहार उत्तर भारत के एक विशेष त्यौहार हैं। ये त्यौहार ऊर्जा के संचार और खुशहाली के त्यौहार हैं। साथ ही समाज में उल्लास और भाईचारे का संदेश भी देते हैं। डॉक्टर वंदना बिश्नोई यूनिवर्सिटी लेडिस क्लब की ओर से आयोजित लोहड़ी उत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। वीना छोकर इस आयोजन की विशिष्ट अतिथि रही। डॉ. वंदना बिश्नोई ने इस कार्यक्रम के लिए यूनिवर्सिटी लेडिस क्लब को बधाई देते हुए कहा कि लोहड़ी और मकर संक्रांति के आसपास, गेहूं पकना शुरू हो जाता है, जिससे उन किसानों को आशा मिलती है जो भरपूर फसल की उम्मीद करते हैं। लोग एक-दूसरे को मिठाइयां देकर शुभकामनाएं देते हैं। लोहड़ी की शाम को सब लोग एक जगह इकट्ठा होकर आग जलाते हैं। इस अलाव में अग्नि में रेवड़ी मूंगफली खील चिक्की गुड़ से निर्मित चीजें अर्पित करते हैं। सब लोग इस अग्नि के चारों ओर नाच गाकर अपनी खुशी अभिव्यक्त करते हैं। इस प्रकार के आयोजन हमारे सामाजिक ढांचे को मजबूती प्रदान करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनिवर्सिटी लेडिस क्लब की अध्यक्ष प्रोफेसर सुजाता सांघी ने की। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी लेडीज क्लब इस प्रकार के आयोजन करता रहता है ताकि विश्वविद्यालय की महिलाएं साथ मिलकर त्यौहार मना सके, त्योहारों का आनंद उठा सकें तथा देश की संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को समझ सकें। उन्होंने यह भी बताया कि लोहड़ी के अवसर पर यूनिवर्सिटी लेडीज क्लब की ओर से कपड़े में कंबल इकट्ठे करके गरीब बच्चों को वितरित किए गए।

#### ये रहीं मौजूद

मंच संचालन यूनिवर्सिटी लेडीज क्लब की सचिव डॉ. अंजू गुप्ता ने किया। डॉ. सुमन बहमनी व डॉक्टर विनिता माथुर ने भी कार्यक्रम के आयोजन में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रोफेसर सुमित्रा सिंह, प्रोफेसर वंदना पूनिया, डॉ. अनु गुप्ता, डॉ. आराधिता रे, डॉ. कविता बहमनी, डॉ. कल्पना, डॉ. संध्या गोदारा, श्रीमती सीमा सिंह, श्रीमती सुजाता नरवाल, श्रीमती रितु यादव, श्रीमती अंजू बिश्नोई तथा श्रीमती सविता तंवर आदि यूनिवर्सिटी लेडीज क्लब की सदस्य उपस्थित रहीं।

---

# राहुल से भारत न्याय यात्रा का किया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार


**हिसार।** वरिष्ठ नेता राहुल गांधी से मुलाकात करते ओबीसी एक्टिविस्ट पूर्व जस्टिस वी ईश्वरया, लाल बहादुर खोवाल व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

पिछड़ा वर्ग की समस्याओं व मांगों से अवगत करवाने के लिए देश के बहुत से प्रसिद्ध ओबीसी एक्टिविस्ट ने प्रसिद्ध नेता राहुल गांधी से दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात की। राहुल गांधी द्वारा संसद में ओबीसी की पैरवी करने संबंधी बयान का हवाला देते हुए सभी ओबीसी एक्टिविस्ट ने उनका आभार जताया और उनकी विचारधारा का समर्थन भी किया तथा उनकी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान भी किया।

पिछड़ा वर्ग से जुड़े सामाजिक कार्यकताअरं ने राहुल गांधी की विचारधारा से प्रभावित होकर भारत न्याय यात्रा के समर्थन का भी ऐलान किया। कई वर्षों से ओबीसी के हकों की लड़ाई लड़ रहे ऑल इंडिया बैकवर्ड क्लास फेडरेशन के अध्यक्ष पूर्व चीफ जस्टिस वी ईश्वरया, सामाजिक क्रांति गठबंधन के अध्यक्ष पूर्व जस्टिस विरेंद्र यादव, ऑल इंडिया बैकवर्ड क्लास फेडरेशन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हंसराज जांगड़ा, ऑल इंडिया बैकवर्ड क्लास फेडरेशन के राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार अधिवक्ता लाल बहादुर खोवाल, संविधान बचाओ सघर्ष समिति के कोऑर्डिनेटर सूरज मंडल, संविधान बचाओ सघर्ष समिति के कनवीनर अनिल जयहिंद आदि ने राहुल गांधी से मुलाकात करके ओबीसी की मांगों पर मंथन किया।

#### राहुल गांधी से की मुलाकात

*राहुल गांधी से मुलाकात करके हिसार वापस लौटे ऑल इंडिया बैकवर्ड क्लास फेडरेशन के राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने बताया कि वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के व्यक्तित्व व उनकी सहृदयता ने सभी ओबीसी सामाजिक कार्यकताअरं को प्रभावित किया। एडवोकेट खोवाल ने कहा कि वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने पिछले दिनों संसद में ओबीसी के हकों की खुलकर पैरवी की थी।*

---

# गोशाला में मकर संक्रांति पर सुंदर कांड पाठ व हवन-यज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭आदमपुर


**आदमपुर।** गोशाला में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

यहां की कृष्ण गौशाला में मकर संक्रांति के अवसर पर में सुंदर कांड पाठ व हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। इस मौके पर भजन गायिका प्रिंसी गोयल राजेंद्र भारती कश्मीरी लाल ने भगवान राम एवं हनुमान जी भजनों का गुणगान करके सबको नाचने पर मजबूर कर दिया।

इस अवसर पर सुंदरकांड प्रचारिणी सभा द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त सुंदरकांड पाठ के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर गौशाला के संरक्षक तरसेम गोयल, व्यापार मंडल प्रधान नवीन बेनीवाल, सचिव कमल बंसल, उप प्रधान संदीप गोयल तेलूराम सहारण, भागीरथ बंसल, सीताराम शर्मा, राजू गर्ग सुभाष गर्ग, राजपाल खदाव, दिनेश भारती, कृष्ण गर्ग, अमित गोयल सहित अनेक व्यक्ति मौजूद रहे।

---

### निःशुल्क नेत्र जांत्र व ऑपरेशन शिविर लगाया ट्राइसाइकिल व व्हील चेयर वितरण

# नशा मुक्त समाज के निर्माण में सबका सहयोग आवश्यक : डॉ. राजेश

- कृत्रिम अंग वितरण, कंबल वितरण व मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭आदमपुर



**आदमपुर।** कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि एएसपी डॉ. राजेश कुमार मोहन व जरूरतमंदों को ट्राई साइकिलें वितरित करते अतिथि। *फोटो : हरिभूमि*

जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार मोहन ने कहा है कि नशा मुक्त समाज के निर्माण में हर एक व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है। नशा मुक्त रहकर ही व्यक्ति खुशहाल जीवन जी सकता है और अपने दायित्वों का अच्छे से निर्वहन कर सकता है। एएसपी डॉ. राजेश कुमार मोहन नजदीकी गांव मोडाखेड़ा में सामाजिक संगठन चौधरी छबीलदास जांदू फाउंडेशन के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवकों को इस बुराई से दूर करना होगा, इसके लिए समाज के हर वर्ग के सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समाज के हर व्यक्ति को न्याय मिलना चाहिए। उसे सामान्य जीवनयापन के लिए अगर किसी चीज की जरूरत हो तो समाज की तरफ से उसे सहयोग देना चाहिए।

फाउंडेशन के अध्यक्ष हरिनिवास जांदू ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह संगठन स्वास्थ्य, शिक्षा व सेवा के क्षेत्र में कार्य करेगा। विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रमुख समाजसेवी ओमप्रकाश गोदारा ने शिरकत की। आदमपुर के मदर्स प्राइड कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति जागरूकता पर बहुत ही मार्मिक नाटिका प्रस्तुत की। सचिव चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि शुभारंभ समारोह में निःशुल्क आंखों का चेक अप व सर्जरी कैंप लगाया जिसमें दिव्यांग पुनर्वास केंद्र हिसार की टीम ने 280 लोगों का परीक्षण किया गया। उनमें से 65 लोगों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चुना गया जिनका ऑपरेशन फाउंडेशन द्वारा अनुभवी डॉक्टर्स से करवाया जाएगा। डॉ. विजय ने आंखे चेक करके 130 मरीजों को चश्मे वितरित किए। इसके अलावा पांच ट्राइसाइकिल व तीन व्हील चेयर भी फाउंडेशन की ओर से जरूरतमंदों को दी गई।

#### पांच लोगों को कृत्रिम अंग दिए

इसके साथ-साथ पांच लोगों को कृत्रिम अंग बनवा कर दिए जाएंगे। भारत विकास परिषद द्वारा संचालित हिसार की संस्था दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का इसमें विशेष सहयोग रहा। गांव के स्कूल के मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया गया। लगभग 110 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर घीसाराम जैन, तरसेम गोयल, प्रदीप बेनीवाल, डॉ. नागरमल, भरत सिंह बेनीवाल, राजकुमार जांगड़ा, राजीव जांदू, व्यापार मंडल प्रधान नवीन बेनीवाल, कमल बंसल, मुनीष ऐलावादी, जेपी पाहवा, धर्मवीर जांगड़ा, राजीव शर्मा, मंदीप जांदू, रविंद्र शर्मा, मोहित जांदू, कृष्णचंद्र डूडी, रामचंद्र झुरिया, दिनेश गर्ग, अशोक सोनी, विवेक शर्मा, सुभाषचंद्र, कृष्ण दागड़िया, सतीश मील, अमरजीत, जयदीप, हर्षित, निशांत, दक्ष व गांव के सभी गणमान्य व कार्यकर्ता भी शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस जनसंदेश यात्रा के प्रति जनता में उत्साह

**हिसार।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता मुकेश सैनी ने कहा है कि कांग्रेस जनसंदेश यात्रा के प्रति जनता में उत्साह है। यह यात्रा एक महीने तक चलेगी और प्रदेश की सभी दस लोकसभा क्षेत्रों में दौरा करेगी। मुकेश सैनी ने बताया कि 17 जनवरी से हिसार विधानसभा क्षेत्र की नई सब्जी मंडी से कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव उत्तराखंड की प्रभारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा, राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला और पूर्व कैबिनेट मंत्री किरण चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेस जनसंदेश यात्रा शुरू हो रही है।

### सर्च अभियान चलाकर 27 आरोपी पकड़े

**हिसार।** जिला पुलिस ने रविवार को पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा के निदेर्शानुसार अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए ऑपरेशन आक्रमण के तहत एक सर्च अभियान चलाया। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार इस सर्च अभियान के दौरान पुलिस की 49 टीमों का गठन किया गया। सर्च अभियान के दौरान हिसार पुलिस ने 27 आरोपितों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की है। आपरेशन आक्रमण के तहत बरवाला पुलिस ने स्टेट क्राइम ब्रांच टीम के साथ मिलकर एटीएम कार्ड बदलकर ठगी के वांछित आरोपित हांसी रोड बरवाला निवासी संदीप उर्फ संजीव को गिरफ्तार किया। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक आरोपित पर दर्जन से भी ज्यादा मामले दर्ज है। आरोपी एटीएम बदलकर ठगी की वारदातें करता है।

### लोहड़ी है खुशियों का त्योहार : सुरुचि असीजा

**हिसार।** अखिल भारतीय सेवा संघ महिला शाखा की ओर से लोहड़ी पर्व का आयोजन किया गया। सेक्टर 16-17 स्थित जानवी खुंगर के स्टाइल एंड ब्यूटी स्टूडियो में आयोजित कार्यक्रम में अनेक महिलाओं ने हिस्सा लिया। संघ की महिला शाखा अध्यक्ष सुरुचि असीजा ने बताया कि लोहड़ी पर्व सभी के लिए खुशियां व नई उमंग लेकर आता है। सभी को यह त्यौहार मिलजुल कर मनाना चाहिए। उन्होंने लोहड़ी एवं मकर सक्रांति की सभी को बधाई दी।

इस अवसर पर जानवी खुंगर ने कुछ मेकअप टिप्स भी दिए और विभिन्न प्रकार के गेम्स का आयोजन भी किया गया। शाखा अध्यक्ष सुरुचि असीजा ने सभी को लोहड़ी पर्व की बधाई दी।

## गोसेवा के लिए सहायता राशि के चेक किए वितरित

# समृद्धि के लिए गोसेवा से बढ़कर कोई दूसरा परम साधन नहीं : डिप्टी स्पीकर

नर सेवा नारायण सेवा समिति के लोहड़ी व मकर संक्रांति कार्यक्रम में भी की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। गोशाला में गोमाता को गुड़ खिलाते डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा।

डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा है कि समृद्धि और कल्याण की प्राप्ति के लिए गौ सेवा से बड़ा कोई दूसरा साधन नहीं है। गौ सेवा से जो आनंद प्राप्त होता है, उसकी कोई सीमा नहीं है। रणबीर गंगवा रविवार को मकर संक्रांति के अवसर पर श्री कृष्ण सुदामा गौ सेवा धाम व श्री कृष्ण गो सेवा समिति चौधरीवास, श्री बालाजी गौशाला मंगाली, बाबा बिंजुपुरी शिव गौशाला समिति शाहपुर, श्री कृष्ण प्रणामी गौशाला कैमरी व श्री श्याम गौशाला मिगनीखेडा सहित विभिन्न गौशालाओं में गौ सेवा के लिए सहायता राशि के चैक वितरित करते हुए कही। उन्होंने गौ माता को गुड खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने श्री कृष्ण सुदामा गौ सेवा धाम चौधरीवास में शेड आदि निर्माण कार्यों का उद्घाटन भी किया। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं को सुना और समस्याओं के निवारण की दिशा में समाधान करवाने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि जो गौ सेवा करते हैं, उन पर भगवान की विशेष कृपा रहती है। गौ माता अपने आप में एक तीर्थ है, यदि कोई सच्चे मन से गौ माता की भक्ति करता है, तो उसका जीवन सफल हो जाता है। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि सरकार द्वारा भी गौ माताओं के लिए व्यवस्थाओं से युक्त गौशालाएं खोली जा रही है। सरकार द्वारा गौशालाओं के शैड निर्माण के लिए सात हजार रुपए की वित्तीय सहायता भी दी जा रही है। उन्होंने विभिन्न सात गौशालाओं के लिए 35 लाख रुपए की ग्रांट जारी की हैं, जिसमें श्री श्याम गौशाला मिगनीखेड़ा के लिए चार लाख 65 हजार 750 रुपये, श्री बालाजी गौशाला मंगाली के लिए नौ लाख 75 हजार रुपये, श्री कृष्ण सुदामा गौ-सेवा धाम चौधरीवास के लिए एक लाख 80 हजार रुपये, श्री कृष्ण प्रणामी गौशाला समिति कैमरी के लिए 6 लाख 86 हजार 250 रुपये, श्री कृष्ण गौ-सेवा समिति चौधरीवास के लिए एक लाख 87 हजार 500 रुपये तथा बाबा बिंजपुरी शिव गौशाला समिति शाहपुर के लिए 8 लाख 85 हजार 750 रुपये आदि शामिल हैं। इसके पश्चात उन्होंने नर सेवा नारायण सेवा समिति पटेल नगर द्वारा कम्युनिटी सेंटर में लोहड़ी व मकर संक्रांति के पावन पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में भी शिरकत की और कहा कि लोहड़ी का उत्सव सर्दियों के जाने का व वसंत ऋतु के आगमन का संकेत है। लोहड़ी का पर्व आपसी भाइचारे व प्रेम का प्रतीक है। यह पर्व उत्तर भारत में मनाया जाना वाला प्रसिद्ध त्यौहार है।यह त्यौहार दिल्ली, हिमाचल, हरियाणा और पंजाब में विशेष रुप से मनाया जाता है। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, रिटायर्ड आईपीएस डॉ. दलबीर भारती, राजेन्द्र गावड़िया, नरेश व शिवकुमार आदि ग्रामीण भी उपस्तिथ थे।



हिसार। ढंढूर स्थित गोभ्यारण में गोसेवा करते रवि सैनी व निवर्तमान सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी मानी। फोटो : हरिभूमि

## गौमाता की सेवा सबसे बड़ा धर्म : रवि सैनी

**हिसार।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि सैनी व नगर निगम के निवर्तमान सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी मानी ने मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर गांव ढंढूर स्थित गौभ्यारण में जाकर गौपूजन किया और गौमाता की सेवा की। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि गौमाता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। जहां गाय का दूध और घी अमृत तुल्य माने गए है वहीं गौ मूत्र का आयुर्वेदिक उपयोग है। उन्होंने कहा कि हमारे ग्रंथों में बताया गया है कि गौमाता में सर्वाधिक देवताओं का वास है। इसलिए गौमाता की सेवा करने से हमें सभी देवताओं की पूजा का फल मिलता है। उन्होंने सभी से गौसेवा करने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने वहां की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया।



हिसार। गोशालाओं को सहायता राशि के चेक प्रदान करते मंत्री अनूप धानक।

## मनुष्य के लिए गो सेवा सबसे बड़ी सेवा:श्रममंत्री

- भैणी बादशाहपुर व सिवानी बोलान में मकर संक्रांति पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

श्रम मंत्री अनूप धानक ने रविवार को लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के पावन पर्व पर श्री तुलसी गौशाला भैणी बादशाहपुर तथा श्री शुकरगिरी महाराज गौशाला सिवानी बोलान में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने उकलाना हलके की 10 गौशालाओं में गौ सेवा के लिए सहायता राशि के चैक वितरित किये और गौ माता को गुड खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रम मंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थितजन को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मानव के लिए गौ सेवा से बढकर कोई बड़ी सेवा नहीं है। श्रम मंत्री अनूप धानक ने उकलाना हलके की 10 विभिन्न गौशालाओं के लिए 74 लाख 2 हजार 500 रुपए की ग्रांट जारी की हैं, जिसमें बाबा श्योराम गिरी शांति गिरी गौशाला खेदड़ के लिए 6 लाख 3 हजार 750 रुपये, जय माता ब्राहमरी गौशाला समिति बनभौरी के लिए 2 लाख 31 हजार रुपये, श्री कमल गिरी गौशाला कुलेरी के लिए 4 लाख 1 हजार 250 रुपये, श्री कृष्ण श्री श्री 1008 बाबा रिद्यनाथ गौशाला बालक के लिए 3 लाख रुपये, श्री वैष्णव अग्रसेन गौशाला अग्रोहा के लिए 16 लाख 68 हजार 750 रुपये, श्री पंचग्रामी समाध बाबा पृथ्वीनाथ गौशाला समिति पाबड़ा के लिए 13 लाख 19 हजार 250 रुपये, श्री कृष्ण गौशाला उकलाना मंडी के लिए 16 लाख 65 हजार 750 रुपये, श्री कृष्ण गौशाला बिठमड़ा के लिए 5 लाख 74 हजार 500 रुपये, बाबा भगवान दास गौशाला समिति साबरवास के लिए 4 लाख 10 हजार 250 रुपये तथा श्री शकरगिरी महाराज गौशाला सिवानी बोलान के लिए 2 लाख 28 हजार रुपये शामिल हैं। इस अवसर पर पशुपालन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर सुभाष जांगड़ा, जेजेपी हलकाध्यक्ष अनिल बालकिया, युवा हलकाध्यक्ष नरेश पूनिया, युवा प्रदेश सचिव संदीप कुंडू, बीडीसी अजीत सिहाग, बबलू आदि मौजूद थे।

# प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं

- अंबाला में एक महिला का सब्जी की रेहड़ी पर बच्चे को जन्म देना शर्मनाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। पत्रकारों से बातचीत करते आप के ग्रामीण जिला अध्यक्ष दलबीर किरमारा।

### गुरुग्राम में बाल चिकित्सा और आईसीयू नहीं

*दलबीर किरमारा ने कहा कि हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बेहतर सुविधाएं नहीं है। हरियाणा के छह मेडिकल कॉलेजों में से केवल रोहतक में न्यूरोसर्जरी और सुपर स्पेशलिटी केयर उपलब्ध है। वहां पर भी मरीजों को रेफर किया जाता है, इलाज उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जैसे शहर में 12 साल से कम आयु वाले बच्चों के लिए बाल चिकित्सा और आईसीयू नहीं है। यदि गुरुग्राम जैसे शहर में ये हालात हैं तो बाकी हरियाणा में क्या हालत होंगे।*

आम आदमी पार्टी के ग्रामीण जिलाध्यक्ष दलबीर किरमारा ने कहा है कि बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था के कारण हरियाणा के हालात दिन प्रतिदिन खराब होते जा रहे हैं। हरियाणा में स्वास्थ्य व्यवस्था पर खट्टर सरकार का कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार पूरे तरह से विफल हो चुकी है। दलबीर किरमारा रविवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर सचिव कमल सोलंकी भी उपस्थित रहे। उन्होंने हरियाणा में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर प्रदेश की मनोहर लाल खट्टर सरकार को घेरते हुए सरकार से डॉक्टरों के खाली पड़े 50 हजार से ज्यादा पदों को भरने, अस्पतालों में मशीनों के प्रबंध और अस्पतालों के जर्जर हो चुके भवनों को ठीक करवाने की मांग की।

उन्होंने कहा कि हरियाणा के गृह और स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के अपने क्षेत्र में सरकारी अस्पताल की लापरवाही का एक बड़ा मामला सामने आया, जिसने इंसानियत को शर्मसार कर दिया है। एक महिला ने सरकारी अस्पताल की लापरवाही के चलते अस्पताल के गेट के बाहर ही सब्जी की रेहड़ी पर ही बच्चे को जन्म दे दिया। महिला का पति बार-बार डॉक्टरों से मदद की गुहार लगाता रहा, लेकिन डॉक्टरों ने कोई ध्यान ही नहीं दिया और कोई स्ट्रेचर तक लाने को तैयार नहीं हुआ। ये हाल स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के गृह जिले का है, सोचो पूरे हरियाणा का क्या हाल होगा। कुछ दिनों पहले दादरी में बिजली नहीं होने से मोबाइल की टॉर्च में महिला की डिलीवरी करनी पड़ी। इसके अलावा ज्यादातर समय स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज भी हड़ताल पर ही रहते हैं। स्वास्थ्य मंत्री मुख्यमंत्री से खुश नहीं है और डॉक्टर सरकार से खुश नहीं हैं।

## मकर संक्रांति एवं लोहड़ी पर्व के अवसर पर सूरजमल एनक्लेव में सांस्कृतिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक जोगीराम सिहाग एवं अन्य अतिथि।

हरियाणा कला परिषद हिसार मंडल एवं चौधरी सूरजमल एंक्लेव रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के अवसर पर चौधरी सूरजमल एनक्लेव के पार्क नंबर 7 में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में श्रीमती राजबाला बहादुरगढ़, आरती जांगड़ा, जसलीन कौर, सोनीपत से चंद्रकुमार गौड़ के सांस्कृतिक दल द्वारा बेहतरीन रागनियों लोकगीतों तथा नृत्य की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित सैंकड़ों की संख्या में पहुंचे दर्शकों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। इस कार्यक्रम में विधायक जोगीराम सिहाग मुख्य अतिथि थे जबकि नरेश नैन विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा कला परिषद हिसार मंडल के अतिरिक्त निदेशक एवं लोक कलाकार महावीर गुड्डु ने की। इस अवसर पर चौधरी सूरजमल एंक्लेव रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य महानुभाव उपस्थित रहे।

# मकर संक्रांति मेले के दौरान अक्षत का किया वितरण

- प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर में हवन करके मेले की शुरुआत, बांटे गए अक्षत
- प्राचीन मां चंडके देवी मंदिर में आयोजित मकर संक्रांति मेले में उमड़े श्रद्धालु, बांटे गए अक्षत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। मां चंडके देवी मंदिर में आयोजित हवन में हिस्सा लेते श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

प्राचीन मां चंडके देवी मंदिर में मकर संक्रांति मेला धूमधाम से आयोजित किया गया। सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण होने पर प्रातःकाल मंदिर में पूजा-पाठ व हवन का आयोजन किया गया। इसके उपरांत पूरे विधि विधान से मेले की शुरूआत हुई। मेले में पंचग्राम पाबड़ा सहित विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान श्रीराम के निमित अयोध्या से पूजित अक्षत का भी वितरण किया गया। अक्षत वितरित करते हुए 22 जनवरी को घर-घर में दीपक जलाकर दीपावली मनाने का आह्वान किया गया। अयोध्या के श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के निमित मां चण्डके देवी मंदिर में 22 जनवरी को प्रातः 9.30 बजे से सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। मेले, पूजा-पाठ, हवन व अक्षत वितरण के दौरान गैबी साहब आश्रम किनाला के संचालक जयदेव गिरी जी महाराज, पाबड़ा पंचग्रामी आश्रम के श्री श्री 1008 सतगुरु हरिहरानंद जी अवधूत, स्वामी सच्चिदानंद जी व स्वामी महेश गिरी जी, अमरदास जी महाराज, तुरतगर जी महाराज, आचार्य बजरंग शास्त्री जी, आचार्य प्रदीप शास्त्री व पुरुषोत्तम शास्त्री, पांचों गांवों के संत-महात्मा एवं विद्वान ब्राह्मण विशेष रूप से उपस्थित रहे। मां चंडके देवी सेवा समिति के प्रधान जगदीश तायल व महंत आनंद शास्त्री ने बताया कि मकर संक्रांति के पावन अवसर पर मंदिर की यज्ञशाला में आयोजित हवन में काफी संख्या में लोगों ने हिस्सा लेकर जनकल्याण की कामना की।

मौके पर सुनील नारंग, बिजेंद्र किनाला, कुलदीप फरीदपुर, संदीप मलिक, प्रवीन ढिल्लो, किनाला के सरपंच हरदीप, सरपंच मास्टर दर्शन सिंह पाबड़ा, कुलदीप कुंडू, सुरजीत नंबरदार, कीर्तिरतन शर्मा, जयप्रकाश वर्मा, सुनील तायल, सुरेश तायल, संजय कुंडू, मेवासिंह कुंडू, सुमित राड़ा, जगदीश सेक्ट्री, नरेश शर्मा, जगदीप नंबरदार, हरदीप सिंह, सुशील उकलाना व सुनील अनेजा सहित पंचग्राम पाबड़ा के काफी गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बिजली चोरी करने वालों पर कस रहे शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो के थाना प्रबंधक दीपक सिंगला के नेतृत्व में स्पेशल बिजली चोरी के संबंध में चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें जिला में बिजली निगम की टीम को साथ लेकर अलग-अलग 40 जगहों पर छापेमारी की गई, जिसमें सात चोरियां एनडीएस कनेक्शन के तहत जिसमें कुल 19.5 किलोवाट लोड, एक एपी कनेक्शन के तहत 1.5 किलोवाट लोड व 29 डीएस कनेक्शन के तहत 49.5 किलोवाट लोड की चोरियां पकड़ी। ब्यूरो की टीम द्वारा कुल 37 बिजली चोरियां पकड़ी गई जिसमे कुल 71.25 किलोवाट लोड की चोरियां पकड़ी गई। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई गई। हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो 22 जिलों में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डा. एएस चावला व पुलिस अधीक्षक करण गोयल के नेतृत्व में सक्रिय काम कर रहा है। डीएसपी नरेश अहलावत ने बताया की अवैध खनन, अवैध शराब, अवैध निर्माण, बिजली व पानी चोरी के संबंध में मुकदमो और ओवर लोडेड वाहनों के चालान करके अपराधों पर अंकुश लगाया जा रहा है।

### पंजाबी वेलफेयर एसोसिएशन ने मनाया पर्व

**उकलाना मंडी।** पंजाबी वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से लोहड़ी पर्व पर साध्वी सुषमा बाई जी ने पंजाबी धर्मशाला में सत्संग किया। कार्यक्रम में भाजपा की जिलाध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने शिरकत की। आशा खेदड़ ने लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोहड़ी मकर संक्रांति का पर्व हमें अपने जीवन में सकारात्मक उर्जा के साथ कर्म करने, दान-पुण्य के महत्व को समझने और बेसहारा व उपेक्षित व्यक्तियों के सुख-दुख में भागीदान बनने की सीख देता है। साथ ही लोहड़ी का उत्सव हमें हमारे जीवन में उल्लास, उमंग और आशा का संचार करता है। उन्होंने आह्वान किया कि वे 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अपने घरों के बाहर 5 दिए जलाने बारे कहा। उन्होंने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का पल ऐतिहासिक पल है उस दिन पूरा विश्व इसका साक्षी बनेगा। इस मौके पर विनय जागलान, पंजाबी वेलफेयर एसोसिएशन के उपप्रधान जगदीश असीजा, कोषाध्यक्ष मनोहर हांडा, सह कोषाध्यक्ष एवं मनोनीत पार्षद डॉ. शम्मी नागपाल, अर्जुन देव खुराना, कृष्ण लाल डाबर, संतोष सपरा, नरेंद्र भ्याना, राजेश भुटानी, मनोज रेवाड़ी, भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व मंडलध्यक्ष उषा अनेजा, संदीप धमीजा आदि मौजूद थे।

### दिल्ली में 13 के धरने को लेकर सिसाय में की बैठक

**हांसी।** भारतीय किसान नौजवान यूनियन ने दिल्ली में 13 फरवरी को प्रस्तावित धरने को लेकर रविवार को सिसाय गांव में अभिमन्यु कोहाड़ की अध्यक्षता में बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए अभिमन्यु कोहाड़ कहा केंद्र सरकार की वादा खिलाफी के विरोध में 13 फरवरी को दिल्ली में धरना दिया जाएगा और इसी धरने को लेकर किसान मजदूर एकता पंचायत के तहत 3 फरवरी को नारनौंद में किसान पंचायत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जैसा कि आप को विदित है कि देश के विभिन्न किसान संगठनों ने अपनी मांगों को लेकर दिल्ली में 13 महीने बॉर्डर पर धरना दिया था। और किसानों के धरने से घबराई भारत सरकार ने उस समय किसानों से तीनों कानून वापस लेने और किसानों की फसलों को एमएसपी पर खरीदने का वादा किया था। इस मौके पर भारतीय किसान नौजवान यूनियन हिसार के जिला अध्यक्ष दशरथ मलिक, रामायण टोल प्लाजा प्रधान राजू खरड़, नारनौंद शहरी प्रधान बलवान, सील्लू लोहान, हर्षदीप गिल, कृष्ण देपल व बलवान सिंह आदि सहित कई अन्य मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530207, 9253681005

# विवेकानंद का संदेश–अपने से राष्ट्र तक कल्याण की सोचें : नरेंद्र यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। सेवानिवृत उपनिदेशक नरेन्द्र यादव को सम्मानित करते एडवोकेट पीके संधीर।

स्वामी विवेकानंद का संदेश यह है कि अपने से लेकर समाज और फिर राष्ट्र तक कल्याण के बारे में सोचें, यह कहना है नेहरू युवा केंद्र के सेवानिवृत्त उपनिवेशक नरेंद्र यादव का। नरेन्द्र यादव सर्वोदय भवन में स्वामी विवेकानंद के जीवन व कृतित्व पर व्याख्यान दे रहे थे। उन्होंने कहा कि आज युवा के नाम पर सिर्फ एक दिन मना लिया जाता है जबकि युवाओं को सही दिशा नहीं दिखाई जा रही, जो कि आज के समय की जरूरत है। स्वामी विवेकानंद ने सबसे ज्यादा युवाओं के लिए कार्य किया और यह संदेश दिया कि उठो, जागो और जीवन में आगे बढ़ो। अनेक उदाहरण देकर स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व के बारे में बहुत विस्तार से महत्त्वपूर्ण जानकारी दी। सर्वोदय भवन के संरक्षक व प्रसिद्ध अधिवक्ता पीके संधीर ने नरेंद्र यादव को सम्मानपूर्वक दोशाला प्रदान किया और कहा कि श्री यादव ने बृहद जानकारी दी है और आज के युवाओं के नाम संदेश भी दिया है। श्री संधीर ने कहा कि सर्वोदय भवन में ऐसे गंभीर व युवा पीढ़ी को प्रेरित करने वाले व्याख्यान आयोजित किये जाते रहेंगे। स्वामी विवेकानंद युवाओं के ऑइकॉन हैं। इस अवसर पर हरियाणा ग्रंथ अकादमी के पूर्व उपाध्याय व प्रसिद्ध कथाकार कमलेश भारतीय ने सर्वोदय भवन के पुस्तकालय के लिए लगभग एक सौ साहित्यिक कृतियां अर्पित की। मंच संचालन कुलदीप ने किया। इस अवसर पर आईजे नाहल, धर्मवीर, डॉ. महेंद्र विवेक, बनी सिंह जांगड़ा आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

स्थापित - 1936
सर्वेसन्तु निरामया :
डॉ. बनारसी दास शर्मा हस्पताल
3 पीढ़ीयों से आपकी सेवा में
आयुर्वेद चिकित्सा-श्रेष्ठ चिकित्सा
चर्म रोग
सोरायसिस
सफेद दाग
बालों का झड़ना
मुंहासे
डॉ. साकेत शर्मा,
आयुर्वेदाचार्य
एग्ज़ीमा, Fungal, Acne, Alcpocia, Urticaria आदि सभी प्रकार के चर्म रोगों के विशुद्ध आयुर्वेदिक उपचार के लिए सम्पर्क करें।
ऑप्रेशन से बचें
गुर्दे की पत्थरी का सम्पूर्ण समाधान दवाईयों द्वारा
मोहल्ला सैनियान, हिसार | मो. 98960-04939